## बाइकों की भिड़ंत में दो युवकों की मौत

**गाडरवारा, देशबन्धु।** सांईखेडा में धूनी वाले मंदिर के पास दो मोटरसायकलों की आपस में भिडंत होने से दो युवकों की मौत हो गई है।

बनवारी गांव निवासी महेश चौधरी उम्र 30 वर्ष तथा अपने साथी करन चौधरी उम्र 20 वर्ष के साथ विगत शाम को मोटरसायकल से जा रहा था, तभी उनकी मोटरसायकल सामने से आ रहे मोटरसायकल सवार बम्होरी खुर्द गांव निवासी लखन चौधरी उम्र 28 साल एवं सन्नू चौधरी उम्र 35 साल से टकरा गई।

हादसे में महेश चौधरी और लखन चौधरी की मौत हो गई। घायल करन और सन्नू को गाड़रवारा अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज सुबह दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराया। घटना की जांच की जा रही है।

### ट्रक ने दो को रौंदा

**गोटेगांव, देशबन्धु।** गोटेगांव के समीप बरोदा चौक पर मालवाहक ट्रक ने दो मोटरसाइकिल सवार लोगों को कुचल दिया। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। मोटरसाइकिल सवार साले-बहनोई की इस टक्कर से मौत हुई है। पुलिस ने मालवाहक ट्रक को जप्त किया। मोटरसाइकिल सवार शादी समारोह से लौट रही थे।

मृतक धर्मेंद्र कुशवाहा उम्र 30 वर्ष निवासी आदेगांव रानू कुशवाहा उम्र 20 वर्ष निवासी चांदनखेड़ा गोटेगांव पुलिस ने मामला कायम कर जांच शुरू कर दी है।

## अचानक जिला चिकित्सालय पहुंच गईं कलेक्टर

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** कलेक्टर शीतला पटले ने जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल के विभिन्न वार्डों में जाकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने यहां जिला चिकित्सालय में आयुष्मान कक्ष, आईसीयू वार्ड, बच्चा वार्ड, चाइल्ड नर्सरी वार्ड, सेन्ट्रल लैब का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने मेटरनिटी वार्ड में भर्ती प्रसव पूर्व एवं प्रसव के पश्चात महिलाओं से स्वास्थ्य व पोषण शिशु, स्वास्थ्य एवं पोषण की जानकारी ली।

चिकित्सकों को समय- समय पर ओपीडी के लिए सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। चिकित्सालय में दवाईयां एवं अन्य उपकरण के लिए उचित संधारण करने और अस्पताल के वार्डों व अस्पताल में पर्याप्त साफ- सफाई और दवाईयों का वितरण समय पर करने के निर्देश दिये। पीआईसीयू में ब्लड

### विभिन्न वार्डों का किया निरीक्षण, मरीजों से मिलीं



स्पेसिफिकेशन और मैटरनिटी विंग को विकसित करने और किचिन एवं डाइटरी सेवाओं द्वारा समय पर भोजन वितरण की जानकारी ली। ग्रीष्मऋतु को देखते हुए वार्डों में मरीजों के लिए कूलरों की संख्या बढ़ाने के निर्देश भी निरीक्षण के दौरान दिये। निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार, सीएमएचओ डॉ. एसएस ठाकुर, सिविल सर्जन डॉ. जीसी चौरसिया, आरएमओ डॉ. राहुल नेमा, अस्पताल प्रबंधक, अन्य अधिकारी- कर्मचारी सहित अस्पताल का स्टॉफ मौजूद था। कलेक्टर ने अस्पताल में पर्याप्त साफ- सफाई, दवाईयों की उपलब्धता और अन्य जानकारी ली। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार के मरीज एवं उनके परिजनों को असुविधा न हो सके।

कलेक्टर ने इलाज कराने आये मरीजों से मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने विभिन्न सुविधाओं और व्यवस्थाओं के संबंध में स्वास्थ्य विभाग से चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिये। मरीजों के लिए उपलब्ध पलंग में बेडशीट निर्धारित दिवस के अनुसार बिछाई जाये।

## सार-समाचार

### जनसहभागिता से की गई तालाब की साफ सफाई

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले में जल संरक्षण व संवर्धन की दिशा में लगातार कार्य किये जा रहे हैं। इसके लिए जनप्रतिनिधि, अधिकारी- कर्मचारी, मप्र जनअभियान परिषद की संस्थायें सहित आम नागरिक भी सहभागिता निभा रहे हैं। बरसात के पूर्व पुरानी जल संरचनाओं की साफ- सफाई व जीर्णोद्धार, तालाबों का गहरीकरण, कंटूर ट्रेंच निर्माण, खंती निर्माण, बोरी बंधान आदि कार्य किये जा रहे हैं। मप्र जनअभियान परिषद नरसिंहपुर के सेक्टर विकासखंड सांईखेड़ा की नवांकुर संस्था तूमड़ा, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सदस्यों और आम नागरिकों की सहभागिता से ग्राम तूमड़ा में तालाब की साफ- सफाई की गई। तत्पश्चात तालाब में सामूहिक श्रमदान के माध्यम से गहरीकरण का कार्य भी किया गया। नवांकुर संस्था तूमड़ा के अध्यक्ष राकेश खेमरिया बताते हैं कि सभी के सहयोग से ग्राम तूमड़ा में इसके अलावा अन्य कार्य भी किये जा रहे हैं। लोगों को जल संरक्षण व संवर्धन के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

### पड़ौर के कलहारिन तालाब की साफ सफाई में जुटे, सहयोग की अपील

**अनूपपुर, देशबन्धु।** विकासखंड अनूपपुर अंतर्गत ग्राम




पंचायत पड़ौर के कलहारिन तालाब की गुरूवार को सामूहिक श्रमदान के माध्यम से सफाई की गई। जिसमें जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक उमेश पाण्डेय, सामाजिक अंकेक्षण समन्वयक संदीप शुक्ला, ग्राम पंचायत के सरपंच तथा सचिव, नवांकुर संस्था के प्रतिनिधि, परामर्शदाता, सामाजिक कार्यकर्ता, सीएमसीएलडीपी छात्र- छात्राएं एवं ग्रामीण जन की सहभागिता रही। तालाब की सफाई करने के पश्चात् सभी उपस्थित जनों को जल गंगा संवर्धन अभियान की शपथ दिलाई गई एवं ग्रामीण जनों से अपील की गई कि जल संसाधनों में गंदगी न फैलाएं, ये हमारी प्राकृतिक धरोहर है, इसे संरक्षित करने में सहयोग प्रदान करें।

### मोटरसाइकिल सहित शातिर चोर गिरफ्तार

**पन्ना, देशबन्धु।** ग्रम पिस्टा निवासी फरियादी राम केश अहिरवार ने अजयगढ थाना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी की सीताराम पटेल पिता ईन्द्रपाल मेरी मोटरसाईकिल तथा सात हजार रूपये लेकर चकमा देते हूये भाग गया है मेरी जान पहचान उससे कुछ दिन पूर्व हुई थी जिसमे मुझे पेट्रोल पंप बुलाया तथा कहा कि 8 हजार रूपये उधार देदो एंव मोटरसाईकिल काम के लिये दे दो कुछ समय बाद लेकिन वह पैसा देकर मोटर साईकिल लेकर फरार हो गया है पुलिस ने राम केश के आवेदन पर अरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करते हूये । पकडने के लिये थाना प्रभारी अजयगढ द्वारा टीम रवाना की पुलिस टीम द्वारा अरोपी को बीरा तिराहा से मय मोटर साईकिल के साथ गिरप्तार कर लिया है। ज्ञात हो कि अरोपी पुराना शातिर चोर है जिसके खिलाफ विभिन्न थानों में अनेंक अपराध दर्ज है।

### नहीं रहे अधिवक्ता चौधरी राजेंद्र सिंह

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** जिले के वरिष्ठ अधिवक्ता चौधरी



राजेन्द्र सिंह रज्जू भैया का शुक्रवार को अस्वस्थ्यता के चलते निधन हो गया। वे पूर्व केंद्रीय मंत्री चौ. नीतिराज सिंह के सुपुत्र व अधिवक्ता चौ. राहुल सिंह के पिता श्री थे। साथ ही वे रोटरी क्लब ऑफ नरसिंहपुर के संस्थापक अध्यक्ष भी रहे है। उनका अंतिम संस्कार आज 3 मई को सुबह 9 बजे नकटुआ मुक्तिधाम में किया जाएगा।

## मातृशक्तियों ने महाआरती में दी सहभागिता



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** ब्राह्मण महिला परिषद की महिलाओं ने रैली के रूप में पहुंच कर पांडे परिवार द्वारा आयोजित महाआरती में अपनी सहभागिता दी।अमृत कलश ,और तलवार लिए महिलाएं संबसे आगे थी,फिर उनके पीछे नरसिंहपुर की ब्राह्मण महिलाओं का भारी हुजूम।सभी महिलाएं पीले वस्त्रों में जय जय परशुराम के नारे लगाते आरती स्थल पर पहुंची।उसके पश्चात पुरुष वर्ग की रैली का स्वागत कर महाआरती की गई और प्रसादी वितरण हुआ।

जिलाध्यक्ष विवेक पांडेके मार्गदर्शन और नगर अध्यक्ष सुनन्दा भट्ट के कुशल निर्देशन में ब्राह्मण समाज की अनेको महिलाओं ने अपनी उपस्थिति दी।महिलाओं की उपस्थिति देख श्रीमती शालिनीं दुबे द्वारा संगठन के विस्तार हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की।श्रीमतीं सरला पांडे द्वारा मातृशक्तियो का हार्दिक अभिनंदन किया गया।श्रीमतीं अरुणा दुबे ने महिलाओं को एक होकर सामाजिक कार्यो में आने हेतु उत्साहवर्धन किया।ज्योति तिवारी ने अपने द्वारा चार महिलाओं को और सामाजिक गतिविधियों में सम्मिलित होने पर ज़ोर दिया मंजुलता पांडे द्वारा प्रत्येक महिला से उसका परिचय लिया गया।अपने भावविभोर शब्दो मे सचिव नीरा बुधौलिया ने आने वाले प्रत्येक सदस्य को समाज की नींव बताकर कार्यक्रम में उपस्थित होने हेतु धन्यवाद प्रेषित किया।

रक्षा पालीवाल एवं सुभावना पांडे द्वारा कलश उठाकर अक्षय सम्पन्नता का संदेश दिया गया।मनस्वी पाठक द्वारा तलवार हाथ मे लेकर अन्याय के प्रति अपने विरोध को प्रदर्शित किया। संस्था की वरिष्ठ मालती त्रिवेदी द्वारा महिलाओं के जज्बे को आशीर्वाद दिया।

इस कार्यक्रम में अर्चना नीरज दुबे, प्राचार्य विभा दुबे, सुषमा मिश्रा, प्राचार्य आभा दुबे, राजेश्वरी तिवारी, सपना शर्मा, संचिता दुबे, कविता दुबे,श्वेता पांडे, ज्योति पचौरी, सुनीता शर्मा, प्रतिमा पांडे, अंजू दुबे, सुमन शर्मा, विभा तिवारी, भारतीं दीक्षित, प्रीति तिवारी, अंजना दुबे, अर्चना शास्त्री, मनीषा पुरोहित, कल्पना सोनकिया, शक्ति दुबे, मीनाक्षी पुरोहित, रेखा उपाध्याय, सुधा तिवारी दीप्ति दुबे, सरोज तिवारी, रजनी राजोरिया, कीर्ति पालीवाल, रुक्मणि ढिमोले, मोनिका तिवारी, प्रियंका पाठक, राजकुमारी पाठक,प्रीति दुबे, विंध्या तिवारी, दीपशिखा तिवारी, प्रियांशी पांडे, रेणु शर्मा,रमा दुबे, शिखा दुबे,शोभना पाठक,प्रगति शर्मा, नमिता गोस्वामी, राधा मुद्गल, संगीता शर्मा, नीता भरतद्वाज, अर्चना मुकेश दुबे, मोहिनी रावत, वृद्धात्री शुक्ला,रमा दुबे एवं सविता मुद्गल ने अपनी सराहनीय उपस्थिति दी एवं बड़ी संख्या में मातृ शक्ति की उपस्थिति रही।

## मुख्यमंत्री के नाम 21 सूत्रीय ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रांताध्यक्ष शलभ भदौरिया के निर्देश पर पूरे प्रदेश के जिला मुख्यालयों की तरह मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ की नरसिंहपुर जिला इकाई ने अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर शीतला पटले को ज्ञापन सौंपा।

इस 21 सूत्रीय मांगों में पत्रकार सुरक्षा कानून तत्काल लागू करने के अलावा विभिन्न मांगों के ज्ञापन लेते समय कलेक्टर ने प्रतिनिधि मंडल को संबोधित करते हुए कहा कि पत्रकार समाज का आईना है। पत्रकार सुरक्षा कानून के अलावा विभिन्न मांगों के आपके इस ज्ञापन को मुख्यमंत्री को जल्द पहुंचाया जायेगा।

इस अवसर पर पूर्व प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष नवनीत काबरा, संभागीय उपाध्यक्ष संजय जैन, जिला अध्यक्ष बालमुकुंद विनोद कोरी, संभागीय सचिव देवेंद्र बुनकर, संभागीय संयुक्त सचिव संतोष अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष संजय साहू, महासचिव मनोज नौरिया, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सतीश विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष गणेश प्रजापति, संयुक्त सचिव ललित श्रीवास्तव, समीर खान, पंकज गुप्ता, अभय तिवारी, तुलसी नौरिया, नरेंद्र श्रीवास्तव, अरूण शर्मा, सुरेश गिरदौनिया, अमित विश्वकर्मा, संतोष दुबे, गोपाल दुबे, सुबोध नामदेव, तेंदूखेड़ा से राजू सिंह राजपूत, प्रदीप पटेल, राजाराम जाटव, बबलेश रजक, दशरथ सिंह, अरूण झारिया, रविंद्र चौधरी सहित अनेक श्रमजीवी पत्रकार साथी मौजूद थे।

## हर्ष जाट ने जीता कास्य पदक




**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** वाराणसी में यूनाइटेड कराटे एसोसिएशन इंडिया द्वारा आयोजित इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप का आयोजन किया गया । जिसमें भारत के अलावा नेपाल श्रीलंका एवं भूटान के 800 से ज्यादा प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस चैंपियनशिप में नरसिंहपुर के खिलाड़ियों ने भी भाग लिया। कोच बृजेश घारूके नेतृत्व में हर्ष जाट ने कुमते फाइट वर्ग में कांस्य पदक प्राप्त किया। इसके पूर्व दिसंबर 2024 में नेशनल चैंपियनशिप में हर्ष जाट ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया । हर्ष राघवेंद्र सिंह ठाकुर बबलू एवं शिक्षिका श्रीमती अंजू ठाकुर के सुपुत्र हैं।

## सहायक संचालक ने किया समर कैंप का शुभारंभ

**गाडरवारा, देशबन्धु।** गत दिवस स्थानीय शासकीय पीएमश्री शासकीय बालक उ मा विद्यालय बीटीआई मे 25 मई तक आयोजित किये जा रहे समर केम्प का विधिवत शुभारम्भ सहायक संचालक सीमा डोंगरे ने रिबिन काटकर किया। इस मौक़े पर पूर्व बीईओ व प्राचार्य प्रतुल इंदुरख्या, संस्था प्राचार्य सुनीता पटैल, एस के मिश्रा, सुशील शर्मा, लेखा कौरव एवं बीआरसी संदीप स्थापक भी मंचासीन रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती पूजन एवं वंदना से किया गया तदोपरांत अतिथियों का स्वागत शिक्षकों ने किया। कार्यक्रम मे सहायक संचालक डोंगरे ने कहा कि समर केम्प का आयोजन एक अच्छी पहल है इससे छात्र छात्राओं को नया सीखने को मिलेगा। उन्होंने विद्यालय के माहौल की प्रशंसा की। संस्था प्राचार्य श्रीमती सुनीता पटैल ने समर केम्प की रुपरेखा से अवगत कराया एवं बच्चों से इसका लाभ लेने की अपील की। कार्यक्रम मे अन्य अतिथियों ने भी समर केम्प के महत्त्व पर विचार व्यक्त किये। उल्लेखनीय है कि समर केम्प मे प्रतिदिन छात्र छात्राओं को खेल सहित अन्य विधाओं की ट्रेनिंग दी जाएगी।

इस अवसर पर संचालन अर्पणा ब्राउन ने किया। कार्यक्रम मे मलखान मेहरा, मनमोहन शर्मा, अनुज जैन, शिल्पी गुप्ता, सविता मिश्रा, पुष्पा विश्वकर्मा, किरण अग्रवाल, सरिता मालवीय,अर्पणा ब्राउन, संगीत शिक्षक रूपेश सिंह, अर्चना दुबे, सोमनाथ बसेडिया, ललित गिरदोनिया, गोपाल साहू एवम समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।




### ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** खेल युवा कल्याण विभाग द्वारा संपूर्ण मध्यप्रदेश में ब्लाक, जिला और संभाग स्तर पर स्कूली बच्चों के अवकाश को सदुपयोग को दृष्टिगत रखते हुए प्रतिवर्ष एक माह का विभिन्न खेलों के प्रशिक्षण शिविर का आयोजन प्रशिक्षित खेल प्रशिक्षकों द्वारा किया जाता है। इसी तारतम्य में जिला खेल युवा कल्याण अधिकारी सुनीता यादव जी के मार्ग दर्शन में नरसिंहपुर जिले के विकास खंड नरसिंहपुर में युवा समन्वयक विकास शर्मा के द्वारा कबड्डी खेल का तकनीकी कौशल का नि शुल्क प्रशिक्षण शिविर 1मई से 31 मई तक हाईस्कूल सिंहपुर बड़ा में दिया जा रहा है,अतः सिंहपुर एवं नजदीकी ग्रामों के कबड्डी खेल में रुचि रखने वाले खिलाड़ी बच्चे अधिक से अधिक शामिल होकर इस शिविर का लाभ लें।

## तुअर खरीदी का कार्य दस जून तक, 15 मई तक होगा पंजीयन

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** स्वतंत्रमत। भारत सरकार की प्राईस सपोर्ट स्कीम के अंतर्गत खरीफ वर्ष 2024 (विपणन वर्ष 2024- 25) के अंतर्गत फसल के लिए नीति जारी की है। जारी निर्देशों के अनुसार जिले में पंजीकृत किसानों से तुअर फसल का उपार्जन का कार्य 10 अप्रैल से प्रारंभ हो गया है, जो 10 जून 2025 तक की अवधि में किया जायेगा।

राज्य शासन द्वारा तुअर फसल का न्यूनतम समर्थन मूल्य 7550 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया है। किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए तुअर पंजीयन की तिथि अब 15 मई 2025 तक बढ़ाई गई है। उप संचालक कृषि ने जिले के पंजीकृत किसानों से अपील की है कि वे न्यूनतम समर्थन मूल्य पर ई- उपार्जन पोर्टल www.mpeuparjan.nic.in पर स्लॉट बुक कर अपनी तुअर फसल उपज का विक्रय कर सकते हैं।

### तुअर के लिए उपार्जन केन्द्र निर्धारित

जिले में समर्थन मूल्य पर पंजीकृत किसानों से तुअर उपार्जन कार्य के लिए उपार्जन केन्द्र निर्धारित किये हैं। तहसील नरसिंहपुर के अंतर्गत सेन्ट्रल वेयर हाउस- सीडब्ल्यूसी कृषि उपज मंडी नरसिंहपुर सेवा सहकारी समिति धमना, तहसील करेली के अंतर्गत सेन्ट्रल वेयर हाउस- सीडब्ल्यूसी कठौतिया- सेवा सहकारी समिति लिंगा व कोशी वेयर हाउस बरमान- सेवा सहकारी समिति केरपानी, तहसील तेंदूखेड़ा के अंतर्गत कान्हा वेयरहाउस उमरपानी- सेवा सहकारी समिति ढिलवार, तहसील गोटेगांव के अंतर्गत सांई श्रृद्धा वेयरहाउस गोटेगांव- 8- सेवा सहकारी समिति जमुनिया, तहसील गाडरवारा के अंतर्गत एमपी डब्ल्यूएलसी कैम्पस गाडरवारा- सेवा सहकारी समिति गाडरवारा, प्रतीक वेयरहाउस पिठहेरा- सेवा सहकारी समिति कामती गोदाम के उपार्जन केन्द्रों में तुअर फसल का उपार्जन कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।


## मार्केट वॉच गाडरवारा

**क्लासिफाईड विज्ञापन के लिए अनिल गुप्ता गाडरवारा से संपर्क करें। मोबाईल - 9424328221**

